अति तत्काल

सं. 2/8/2025-पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
(पब्लिकअनुभाग)
***

कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली
दिनांक: १९ जनवरी, 2026

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:-गणतंत्र दिवस समारोह, 2026.**

गणतंत्र दिवस प्रति वर्ष भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी, वंदे मातरम् के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, अवसर के अनुरुप गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।

i. 26 जनवरी, 2026 की सुबह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। अंतर-सेवा गार्ड द्वारा सलामी दी जाएगी और उसके बाद दो मिनट का मौन रखा जाएगा।

ii. राष्ट्रपति बग्गी से कर्तव्य पथ पर पहुंचेंगी और सेरेमोनियल मार्च पास्ट की सलामी लेंगी, जिसमें तीनों सेनाओं, अर्ध सैनिक बलों और अन्य सहायक नागरिक बलों, राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयां शामिल होंगी।

iii. "स्वतंत्रता का मंत्र वंदे मातरम् एवं समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत" विषय पर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्र सरकार के विभागों की 30 झांकियां इस वर्ष कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेंगी।

iv. संस्कृति मंत्रालय द्वारा चयनित 2500 कलाकारों के समूह द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

v. राष्ट्रगान के बाद और राष्ट्रपति के प्रस्थान से पहले, कर्तव्य पथ पर विभिन्न स्थानों पर लगे बूथों से गुब्बारे छोड़े जाएंगे। भारतीय वायु सेना अपने 29 विमानों के साथ फ्लाई पास्ट करेगी।

vi. भारत सरकार की ओर से, देश के विभिन्न भागों से लगभग 400 जन जातीय अतिथियों को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह, 2026 देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। ये प्रतिनिधि और झांकी कलाकार प्रधानमंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अतिरिक्त, राष्ट्र निर्माण में असाधारण कार्य करने वाले 5,000 लोगों (जीवन साथी सहित) को विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड-2026 देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

vii. दिल्ली में रहने वाले प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कम से कम 50 दंपतियों को उनके पारंपरिक परिधानों में गणतंत्र दिवस समारोह-2026 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को भी समारोह देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

viii. 26 जनवरी, 2026 को राष्ट्रपति भवन में एक स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा।

ix. तीनों सेनाओं और अर्ध सैनिक बलों/पुलिस के मार्चिंग दस्तों में से सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

x. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की झांकियों का चयन प्रतिभा के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए किया जाएगा। मंत्रालयों/विभागों की झांकियों को भी प्रतिभा के आधार पर प्रथम पुरस्कार के लिए चुना जाएगा। MyGov प्लेट फॉर्म पर एक ऑनलाइन पोर्टल आयोजित किया जाएगा, जहां लोग परेड देख सकेंगे और अपनी सर्वश्रेष्ठ झांकी और मार्चिंग दस्ते के लिए वोट कर सकेंगे। MyGov प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक पोल के आधार पर चयनित सर्वश्रेष्ठ झांकी और मार्चिंग दस्ते को 'पॉपुलर च्वॉइस' पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी भी दी जाएगी।

...जारी/-

xi. गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल 23 जनवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर कर्तव्य पथ के दोनों ओर स्थित बैठने के स्थानों पर प्रवेश रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए जाने वाले ई-निमंत्रण/प्रवेश पत्र द्वारा होंगे। वैध आईडी प्रमाण के साथ "आमंत्रण पोर्टल" पर अपना पंजीकरण कराने पर आम जनता के लिए लगभग 10000 सीटें निःशुल्क भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

xii. पूर्व की भांति, गणतंत्र दिवस परेड, 2026 के लिए बैठने के स्थानों पर प्रवेश आंशिक रूप से टिकट द्वारा तथा आंशिक रूप से आमंत्रण द्वारा होगा। राजकीय अतिथि, वरीयता सूची में शामिल व्यक्ति (संसद सदस्यों सहित), प्रेस कोर के सदस्य, रक्षा और पुलिस कार्मिक, पात्र श्रेणियों के लोक सेवक और उन के जीवन-साथी जैसी श्रेणियों के लिए ऑनलाइन आमंत्रण पत्र जारी किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस परेड के लिए बैठने की जगह पर अन्य सभी लोगों का प्रवेश 20/- रुपये और 100/- रुपये के मूल्य वाले टिकटों के आधार पर विनियमित किया जाएगा। टिकट www.aamantran.mod.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते हैं।

xiii. आम जनता को परेड देखने की सुविधा 20/- रुपये और 100/- रुपये के टिकट के माध्यम से दी जाएगी।

xiv. गणतंत्र दिवस परेड, 2026 कीअवधि लगभग 90 मिनट होगी।

xv. विजय चौक पर निम्नलिखित तिथियों पर बीटिंग रिट्रीट का आयोजन किया जाएगा:-

27 जनवरी, 2026 (फुल ड्रेस रिहर्सल)
28 जनवरी, 2026 (विशेष शो)
29 जनवरी, 2026 (मुख्य समारोह)

xvi. इस वर्ष, आरडीपी/बीटीआर-2026 के लिए बाड़ों का विशिष्ट नामकरण पूरे देश में बहने वाली नदियों, यानी ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चेनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिंधु, झेलम, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के आधार पर किया जाएगा।

इसी प्रकार, बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी-2026 के लिए बाड़ों का नामकरण भारतीय वाद्ययंत्रों यानी बांसुरी, डमरु, एकतारा, एसराज, मृदंगम, नगाड़ा, पख़ावज, संतूर, सारंगी, सरिंदा, सरोद, शहनाई, सितार, सुरबहार, तबला और वीणा के आधार पर किया जाएगा।

xvii. बैठने की व्यवस्था, यातायात, पार्किंग और परेड घटकों से संबंधित सभी जानकारी राष्ट्र पर्व पोर्टल (www.rashtraparv.mod.gov.in) पर उपलब्ध है।

(कमलेश रबिदास)
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष सं. 011-24010294**

सेवार्थ,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।

सं. 2/8/2025- पब्लिक नई दिल्ली, दिनांक: 19 जनवरी, 2026

क. प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित:-

1. राष्ट्रपति सचिवालय
2. उपराष्ट्रपति सचिवालय
3. प्रधानमंत्री कार्यालय
4. मंत्रिमंडल सचिवालय
5. राज्य सभा सचिवालय
6. लोक सभा सचिवालय
7. भारत का उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार
8. दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार
9. भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय
10. नीति आयोग
11. निर्वाचन आयोग
12. संघ लोक सेवा आयोग
13. केन्द्रीय सतर्कता आयोग
14. गृह मंत्रालय के सभी कार्यालय/अनुभाग/डेस्क
15. गृह मंत्रालय के दिल्ली/नई दिल्ली स्थित सभी संबंध /अधीनस्थ कार्यालय एवं आयोग आदि।
16. एडीजी (मीडिया), गृह मंत्रालय
17. रक्षा मंत्रालय (डी- सेरेमोनियल) को 10 अतिरिक्त प्रतियों सहित।
18. विदेश मंत्रालय- अनुरोध है की विदेशों में स्थित मिशनों/पोस्टों आदि को उपयुक्त अनुदेश जारी किए जाएं।

ख. प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषित :

राज्यों के मुख्य सचिव/ संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासक से अनुरोध है की यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त अनुदेश जारी किए जाएँ कि देश भर में गणतन्त्र-दिवस (26 जनवरी 2026) उपयुक्त रूप से मनाया जाए। रक्षा मंत्रालय ने सिविल प्राधिकारियों को सभी सुविधाएं एवं सहयोग प्रदान करने के बारे मे स्थानीय रक्षा प्राधिकारियों को स्थायी आदेश जारी कर दिये हैं।

ग. प्रतिलिपि सूचना तथा आवयश्क कारवाई के लिए सभी राज्यों/संघों राज्य क्षेत्र प्रशासनों के राज्यपालों/ उप-राज्यपालों के सचिवों को प्रेषित।

(कमलेश रबिदास)
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष सं. 011-24010294**